# 'गुरु वंदन कार्यक्रम ए.बी.आर.एस.एम. की अनूठी और प्रेरक पहल है'

■ एसपीसी जीसीए में हुआ गुरु-वन्दन कार्यक्रम का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) राजस्थान की स्थानीय इकाई के तत्त्वावधान में गुरु-वन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतमाता व महर्षि वेदव्यास के चित्रों के समक्ष दीप-प्रज्वलन एवं गुरु वन्दना से हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अनिल शुक्ला रहे। प्रो शुक्ला ने महासंघ द्वारा गुरुवंदन कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित करने की परंपरा को श्रेष्ठ बताते हुए इसे एबीआरएसएम की अनूठी और प्रेरक पहल कहा। प्रो शुक्ला ने अपने उद्बोधन में गुरु के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु न केवल विद्यार्थी के व्यक्तित्व को निखारता है, बल्कि उसके सर्वांगीण विकास की चिंता और प्रयास करता है। गुरु सिर्फ़ वेतन भोगी शिक्षक नहीं, वह 'कैपेसिटी बिल्डिंग' करने वाला व्यक्तित्व है। गुरु इंद्रिय अनुभूतियों से ऊपर उठ कर प्रकृति में व्याप्त अनहद नाद तक सुन पाने की शक्ति जाग्रत करा सकने वाली दिव्य शक्ति है। हम जो भी बन पाते हैं, उसमें गुरु के मार्गदर्शन और आशीर्वाद का बड़ा योगदान होता है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतमाता व महर्षि के चित्रों के समक्ष दीप-प्रज्वलन एवं गुरु वन्दना से हुआ।

विशिष्ट अतिथि के रूप में एबीआरएसएम के अखिल भारतीय अतिरिक्त महामंत्री डॉ.नारायण लाल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु शब्द भारतभूमि से उपजा शब्द है, जो यहाँ की मूल गुरु परंपरा और गुरुतत्व की लंबी साधना से सिंचित है। हमारे अज्ञान को दूर करने वाले गुरु को तभी तो भारतीय परंपरा में ईश्वर से भी ऊपर स्थान दिया गया है।गुरु वंदन कार्यक्रम शिक्षकों को अपनी भूमिका को पुनर्स्मरण एवं परिमार्जन का अवसर प्रदान करता है।

उन्होंने संगठन द्वारा वर्ष पर्यन्त आयोजित किए जाने स्थायी कार्यक्रमों यथा कर्तव्य बोध दिवस, नव संवत्सर, जीव श्रृष्टि कल्याण, एक शिक्षक एक वृक्ष आदि पर चर्चा की। डॉ गुप्ता ने कहा कि एबीआरएसएम ऐसा शैक्षिक संगठन है जो सिर्फ़ अधिकारों की बात नहीं करता, वरन् शिक्षा, शिक्षक, शिक्षार्थी और समाज के उन्नयन की भी चिंता करता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो मनोज बहरवाल ने की। प्रो बहरवाल ने भगवद्पुराण और भगवद् गीता जैसे जीवन का दर्शन और बोध कराने वाले ग्रंथों के रचनाकार महर्षि वेदव्यास की जयंती को प्रेरणा पुंज मानते हुए प्रतिवर्ष आयोजित गुरु वंदन कार्यक्रम को विशिष्ट बताते हुए कहा कि नये सत्र में विद्यार्थियों को अधिक ऊर्जा से अध्ययन- अध्यापन कराने हेतु शिक्षकों के लिए गुरुपूर्णिमा से बेहतर प्रतीक भला क्या हो सकता है। गुरु का कर्तव्य है कि वह अपने विद्यार्थियों को अज्ञान के अंधकार से निकाल कर ज्ञान के प्रकाश में अवगाहन कराये। साथ ही, विद्यार्थियों का कर्तव्य है कि वे गुरु पर श्रद्धा रखते हुए गुरु द्वारा प्रदर्शित सन्मार्ग पर अग्रसर हो।

## स्कूली बच्चों को पढ़ाया साइबर क्राइम का पाठ

**अजमेर,** (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई द्वारा चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के तहत शनिवार को स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम का पाठ पढ़ाया और साइबर क्राइम से कैसे बचा जाए इसकी जानकारी दी। एसपी ने बच्चों से करियर किस तरह से बनाया जाए, नशे की प्रवृत्ति से दूर कर सचेत रहने पर खुलकर बता की। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने शनिवार को अलवर गेट स्थित एक निजी स्कूल में सोशल मीडिया से होने वाले दुष्परिणामों को लेकर विद्यार्थियों से बातचीत कर उन्हें जानकारी देते हुए इसके दुष्परिणामों बारे में बात की। टॉक शो में कक्षा 8 से 12वीं तक की विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्नाई ने छात्र-छात्राओं को समय के सद्पयोग की जानकारी देते हुए इसका सद्पयोग कैसे करें इसके बारे में बताया। उन्होंने सोशल मीडिया के नुकसान बताते हुए अपराध से कैसे बचा जाए इसके बारे में जागरूक किया। स्कूली छात्रों में बढते नशे पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि नशा इंसान को गुलाम बना देता है। इसके लिए हमें इससे हमेशा दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने यातायात के नियमों की जानकारा दी।

## सार-समाचार

### ट्रेफिक गुमटी का उद्घाटन किया

**अजमेर,** (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र बिश्नोई ने शनिवार को ट्रेफिक पुलिस कार्यालय में लगी ट्रेफिक गुमटी का उद्घाटन किया। एसपी विश्नोई ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए। कार्यक्रम में एसपी ने शहीदों श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बारिश के मौसम को देखते हुए जनसहयोग से यातायात पुलिस कर्मियों को छाते व रेनकोट का वितरण किया गया। एसपी ने ट्रेफिक पुलिस ने हौंसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों से सख्ती से निपटा जाए।

### बच्चों ने दिया स्वच्छता को संदेश

**अजमेर,** (कासं)। ओसिया फांउडेशन के बच्चों ने शनिवार को पुष्कर घाटी में कावडियो व पदैल जाने वाले के लिए बने रास्ते पर फैली गंदी को साफ करके अजमेरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया है। बच्चों के द्वारा इस मार्ग पर फल व छाया दार पौधे भी लगाए जाऐंगे। इस मार्ग से पुष्कर से हजारों की संख्या में कावडिये कावड लेकर निकलते हैए जहां गंदगी होने के कारण कावडियों को काफी परेशानी का सामना करना पडता था।

### बंजारा हुए सम्मानित

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर यातायात पुलिस विभाग के स्वागत कक्ष उद्घाटन के दौरान अजमेर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार, एएसपी(सिटी) दुर्ग सिंह सिटी, सीओ ट्रैफिक मनीष बडगूजर ने गोपाल बंजारा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राजस्थान के प्रसिद्ध वरिष्ठ रंगकमी लोक कलाकार बंजारा पिछले 35 वर्षों से कला के क्षेत्र में जुड़े हुए हैं और आपने स्वच्छ भारत अभियान में एक बहुत बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है।

### ग्रीन गौशाला कार्यक्रम

**ब्यावर,** (निसं)। श्री तिजारती गौशाला स्थित श्री गोवर्धन धाम वार्ड में गौवंश को स्वच्छ हवा और छाया हेतु सघन वृक्षारोपण ग्रीन गौशाला कार्यक्रम का कार्य चल रहा है।

## देवनानी का अभिनन्दन किया

**अजमेर,** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जे.एल.एन.अस्पताल प्रशासन को सुपर स्पेशलिटी सेवाओं को शीघ्र शुरू करने की योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नए भवनों को शुरू करने के लिए फायर एन.ओ.सी. का मामला भी जल्द सुलझाने को कहा। जयपुर रोड़ स्थित टीबी अस्पताल को जनाना अस्पताल परिसर में शिफ्ट किया जाएगा। यहां सुपर स्पेशलिटी वार्ड बनाए जाएंगे। अजमेर में सुपर स्पेशलिटी सेवाएं शुरू करवाने की घोषणा पर शनिवार को जे.एल.एन. अस्पताल के विभिन्न वाडो के प्रभारियों ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर देवनानी ने निर्देश दिए कि ही जेएलएन में राज्य सरकार की बजट घोषणाओं की अनुपालना सुनिश्चित की जाएं। सरकार ने बजट में चिकित्सालय में सुपर स्पेशलिटी सेवाओं की घोषणा की है। ये सेवाएं अजमेर संभाग के मरीजों के लिए वरदान साबित होगी। अब उन्हें जरूरी चिकित्सा के लिए जयपुर, दिल्ली या अन्य बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। अजमेर मे ही ये सभी सेवाएं उपलब्ध होगी। इस पर अस्पताल प्रशासन ने बताया कि टीबी अस्पताल वाली जगह पर सुपर स्पेशलिटी वार्ड बनेंगे। जरूरत पड़ी तो यहां ट्रेनिंग सेन्टर को भी इसमें शामिल किया जाएगा। टीबी अस्पताल को जनाना परिसर में शिफ्ट किया जाएगा। देवनानी ने जेएलएन में निर्माणाधीन मेडिसिन ब्लॉक, पीडियाट्रिक ब्लॉक, पीजी हॉस्टल, आपातकालीन ईकाई, हैल्पडेस्क आदि कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि नवनिर्मित भवनों को शीघ्र शुरू करवाया जाएं। ताकि यहां आने वाले मरीजों को इनका लाभ मिल सके। विधानसभा अध्यक्ष ने प्राचार्य से निःशुल्क उपचार, दवा, जांच व परिजनों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

## अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर शहर व्यापार महासंघ के प्रवक्ता कमल गंगवाल और सीए विकास अग्रवाल ने राज्य सरकार से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 को आगे बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि आमजन में इस तिथि के बारे में पर्याप्त जागरूकता नहीं है, जिससे वाहन मालिकों को उक्त प्लेट के बारे में जानकारी की कमी है।

गंगवाल और अग्रवाल ने कहा कि भीषण गर्मी के चलते दिन में शोरूम जाकर नंबर प्लेट लगवाना मुश्किल हो रहा है। इसलिए, उन्होंने इस तिथि को तीन माह के लिए बढ़ाने और इस पर लगने वाले शुल्क को कम करने की मांग की है। महासंघ के अध्यक्ष किशन गुप्ता ने कहा कि आर्थिक मंदी के चलते ऐसे खर्चे आमजन के लिए भारी हैं।

# जयपुर, कोटा, जोधपुर की तर्ज पर विकसित होगा अजमेर-देवनानी

**अजमेर,** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्मित पटेल मैदान में एथलेटिक्स व फुटबॉल के खिलाड़ियों को निःशुल्क खेलने दिया जाए। जिला प्रशासन बजट घोषणाओं पर जल्द अमल करें। कचहरी रोड़ का निर्माण ठेकेदार की राशि रोक कर शॉर्ट टर्म नोटिस के आधार पर करवाया जाए। साइंस पार्क का काम 15 अगस्त से पहले शुरू करवाया जाएगा। अजमेर विकास जयपुर, कोटा एवं जोधपुर की तरह कराया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को सर्किट हाऊस में जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित एवं नगर निगम सीईओ देशल दान के साथ शहर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की एवं निर्देश दिए।

**पटेल मैदान में निःशुल्क खेलेंगे खिलाड़ी:** अजमेर शहर के विभिन्न खिलाडियों एवं खेल प्रतिनिधियों ने देवनानी से मिल कर पटेल मैदान में खेलने की अनुमति दिलाने का आग्रह किया था। इस पर देवनानी ने नगर निगम आयुक्त को बुला कर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि खिलाड़ियों को खेलने से नहीं रोका जाए। उन्हें निःशुल्क प्रवेश दिया जाए। पटेल मैदान में एथलेटिक्स एवं फुटबॉल के खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रवेश मिलेगा।

**बजट घोषणाओं पर शीघ्र शुरू हो काम :** देवनानी ने जिला कलक्टर को निर्देश दिए कि अजमेर जिले के लिए की गई बजट घोषणाओं पर तुरन्त काम शुरू हो। राज्य सरकार ने प्रभारी मंत्री व सचिवों के इन कामों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए लगाया है। उनके निदेशन में जल्द से जल्द कार्रवाई हो। आयुर्वेद विश्वविद्यालय, स्पोटर्स कॉलेज, नालें, ईआरसीपी, ब्रह मन्दिर कॉरीडोर विकास की शीघ्र कार्यवाही की जाए।

देवनानी ने बजट घोषणा की अनुपालना में आयुर्वेद विश्वविद्यालय की भूमी को लेकर चर्चा की। जिला प्रशासन ने बताया कि महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के पास काफी भूमि खाली है। इस जगह पर आयुर्वेद विश्वविद्यालय स्थापना की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है।


**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री अनिता चौधरी के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम गणेश चौधरी दर्ज है जो कि गलत है। मेरा सही एवम वास्तविक नाम गणेश राम सेवदा है अतः भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मुझे इसी नाम से जाना जाए।
पता- गणेश राम सेवदा,
ग्राम गहलोत, तह. दूदू, जयपुर, राज.

**नाम परिवर्तन**

मैं, प्रवीण कुमार, रैंक - HAV ग्राम बेरहाटांड़ पो0- गंगटा मोड़ जिला - मुंगेर, राज्य - बिहार है। यह कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता की जन्मतिथि 01.07.1960 दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मेरी माता को सही व वास्तविक जन्मतिथि 01.09.1957 से जाना जाए।

**AFFIDAVIT**

I, KUMARI APRAJITA AZAD Spouse of No. 14680345A Rank- HAV Name: MITU RANJAN KUMAR residing of Vill- Amaithi, Post- Amaithi, Teh- Bazirganj, Dist: Gaya, State: Bihar, Pin-805131, have change my name from KUMARI APRAJITA AZAD (name as in record of EME) APRAJITA AZAD (new name record in Aadhaar card and matriculation marksheet certificate) vide affidavit no- 249400 dated 02 July 2024 at Nasirabad Court Rajasthan.

**नाम परिवर्तन**

मेरे पासपोर्ट संख्या L8691316 मेरा नाम मेहफूल बानो MEHAFUL BANO ओर जन्मतिथि 01.01.1963 से बदलकर मेहफूल बानू MAHPHOOL BANO ओर जन्मतिथि 12.08.1956 दर्ज करवाना चाहती हूँ।
मेहफूल बानू पत्नी दौलत खान
निवासी पायली डीडवाना, जिला डीडवाना-कुचामन

**आम सूचना**

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण निर्धारण प्राधिकरण, राजस्थान पत्र के संख्या (4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2 (0189) 2023-24, दिनांक 11 जुलाई, 2024 के द्वारा मैसर्स ए. एच. एण्ड ब्रदर्स मकराना, QL No. 236/4 पहाड़ कुआ रेंज, मकराना, तहसील मकराना, जिला डीडवाना-कुचामन, क्षेत्रफल 0.3717 हैक्टर, उत्पादन क्षमता 5000 TPA के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र SEIAA राजस्थान पर जन साधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

**आम सूचना**

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण निर्धारण प्राधिकरण, राजस्थान के पत्र संख्या (4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2 (0125) 2023-24, दिनांक 9 जुलाई, 2024 के द्वारा मैसर्स आंवला माइन्स (बोरावड़ कुमारी रेंज) QL No. 21/95 बोरावड़, तहसील मकराना, जिला डीडवाना-कुचामन, क्षेत्रफल 2.225 हैक्टर, उत्पादन क्षमता 12769 TPA (पार्टनर/प्रो. भागुराम आंवला) के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र SEIAA राजस्थान पर जन साधारण के देखने के लिए उपलब्ध है।

न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डीडवाना
बईजलास- श्रीमान राजेश कुमार गजरा, आर. एच. जे. एस
दीवानी विविध प्रकरण - भारतीय उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संख्या 4/24
प्रार्थिगण- 1. बसंत कँवर शेखावत पत्नी मृतक सवाई सिंह उम्र 30 वर्ष 2. मूल सिंह पुत्र हेम सिंह पिता मृतक सवाई सिंह उम्र 65 वर्ष 3. संतोष कँवर पत्नी मूल सिंह उम्र 61 वर्ष माता मृतक सवाई सिंह 4. तमन्ना राठौड़ पुत्री मृतक सवाई सिंह उम्र 10 वर्ष 5. कर्मवीर सिंह राठौड़ पुत्र मृतक सवाई सिंह उम्र 02 वर्ष
प्रार्थीगण संख्या 4 चार से 5 पांच नाबालिग जरिये कुदरती वालिया माता प्रार्थी संख्या 1, समस्त जाति गण राजपूत निवासी ढीगाल तहसील डीडवाना जिला डीडवाना कुचामन।
अप्रार्थीगण- सर्वसाधारण बनाम
प्रार्थना पत्र बाबत अंतर्गत धरा 372 भा. उ. अधि. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी गण की ओर से प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 372 भा. उ. अधि. के अंतर्गत प्रस्तुत कर जाहिर किया है कि प्रार्थीगण को भारतीय राज दूतावास रियाद से एक पत्र क्रमांक RIY/CW/436/55/2024 दिनांकित 08/02/24 जरिये रजिस्टर्ड पत्र सूचना मिली है कि स्व. सवाई सिंह के लीगल ड्यूज सऊदी में बकाया थे उक्त बकाया राशि का एक चेक नं. 351584 dated 7/2/24 राशि 227273/- दो लाख सताईस हज़ार दो सौ तिहत्तर का जिला कलेक्टर नागौर के नाम से जारी किया गया है के अनुसार बकाया राशि का चेक प्राप्त करने के लिए प्रार्थीगण उतराधिकार प्रमाण पत्र जारी करवाना चाहते है। जिसके लिए प्रार्थीगण ने अदालत श्रीमान के समक्ष उतराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यदि किसी को इस सम्बन्ध में कोई उज्रर आपत्ति तलेम हो या कोई अधिकार रखता हो तो वह दिनांक 2/8/24 को न्यायालय सुबह 10.00 बजे स्वयं या अपने अधिकृत एजेंट/वकील के जरिये प्रस्तुत करे अन्यथा प्रार्थीगण को उक्त प्रमाण पत्र जारी करने की आगामी कार्यवाही सम्पादित की जावेगी। यह नोटिस आज दिनांक 21/5/25 को मेरे हस्ताक्षर व् मुद्रा से जारी किया गया है।
वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
डीडवाना-नागौर

IN THE PUBLIC TRUSTS REGISTRATION OFFICE
GREATER MUMBAI REGION, MUMBAI
DHARMADAY AYUKTA BHAVAN, GROUND FLOOR, SASMIRA BHAVAN, SASMIRA ROAD, MUMBAI-400030
PUBLIC NOTICE OF INQUIRY
Change Report No. ACC/VII/3744/24
Filed by: Mr. Radheshyam S. Vaishnav
In the matter of Akhil Bhartiya Vaishnav Brahman Seva Sangh P.T.R. No. F-10114
To,
All concerned having interest -
WHEREAS THE trustees of the above trust have filed a Change Report under section 22 of Maharashtra Public Trusts Act, 1950 for bringing the below described property on the record of the above named trust and an inquiry is to be made by the Assistant Charity Commissioner, Greater Mumbai Region, Mumbai viz.
1) Whether this property is the property of the trust and could be registered in the trust name?
DESCRIPTION OF THE PROPERTY :
All that piece or parcel of land bearing Patta No.18, situated at Village- Jethana, Dist- Ajmer, Rajasthan
Value Rs.4,999/-
This is to call upon you to submit your objections, if any in the matter before the Assistant Charity Commissioner, Greater Mumbai Region, Mumbai at the above address within 30 days from the date of publication of this notice.
Given under my hand and seal of the Joint Charity Commissioner, Maharashtra State, Mumbai.
th ath This 9 day of the month of July, 2024
Superintendent -J
(SEAL) Public Trusts Registration Office, Greater Mumbai Region, Mumbai

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ जिला-अजमेर (राज.)**
क्रमांक - न.प. कि / कृ.भूमि / 2024/356 **आम सूचना** दिनांक : 24/07/2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम सांवतसर के खसरा संख्या 3/1/1, 3/1/2, 3/1/3 पर स्थित औद्योगिक रूपान्तरण (भूखण्ड क्षेत्रफल 7744 वर्गगज यानि 6474.87 वर्गमीटर) पर मैसर्स आंचल मार्बल्स प्रोपराईटर श्री महेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री ज्ञानचन्द जैन ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -
पूर्व में : वर्तमान में एस.के. मार्बल इण्डस्ट्रीज पश्चिम में : वर्तमान लैण्ड अन्य की भूमि
उत्तर में : मोहनपुरा रोड दक्षिण में : वर्तमान में अरोमा मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।
प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद, बोरावड़ जिला-डीडवाना-कुचामन**
क्रमांक/न.प.म./90ए/24-24/297 दिनांक- 26-7-2024
**लोक सूचना**
इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदार द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृत अधिकारों के निर्वापन के लिए प्रस्तुत किया है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जमील अहमद, श्री लतीफ अहमद, श्री शकील अहमद पिसरान श्री हाजी मोहम्मद उमर निवासी बोरावड | तहसील मकराना जिला डीडवाना-कुचामन | बोरावड | 149 | 33265 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतः इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृत अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत करेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 26-7-2024 को जारी की गई।
प्राधिकृत अधिकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बोरावड़


## कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, एसपी को सौंपा ज्ञापन

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा बेवजह वैन चालकों के चालान बनाने और परेशान करने को लेकर शनिवार को वैन चालकों का गुस्सा फुट पड़ा। अजमेर ऑटो रिक्शा यूनियन के बैनर तले शनिवार को स्कूल वैन चालकों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और एसपी देवेंद्र विश्नोई को ज्ञापन सौंपकर चालकों को बेवजह परेशान नहीं करने की मांग की। अजमेर ऑटो रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष करण सिंह ने एसपी देवेंद्र विश्नोई को सौंपे ज्ञापन में बताया कि वैन चालकों के कागजात पूरे होने के बाद भी उन्हें परिवहन विभाग व यातायात पुलिस द्वारा उनके चालान बना कर परेशान किया जा रहा है। चलते वाहनों को रोका जा रहा है। स्कूल वैन में छोटे-छोटे बच्चे बैठे होते हैं वह, भी इस कार्यवाही से भयभीत हो जाते हैं। वैन चालकों ने बताया कि सभी वैन चालक क्षमता के अनुसार ही बच्चों को बैठाते हैं।

## श्री रामचरितमानस पाठ का अखंड पारायण आज से

■ सोमवार 29 जुलाई को होगी पूर्णाहुति

■ मोयणा, भेरू खेड़ा रतनगढ़ सहित विभिन्न स्थानों के भक्तजन रहेंगे मौजूद

**मसूदा,** (निसं)। श्री रामचरितमानस पाठ के पारायण में पूज्य गुरुदेव श्री श्रीधरजी महाराज के उत्तराधिकारी श्री करमचंद जी भारती विशेष रूप से रहेंगे उपस्थित।मसूदा उपखंड क्षेत्र की मोयणा ग्राम पंचायत के ग्राम भेरू खेड़ा में अवस्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामचरितमानस पाठ का अखंड पारायण आज 28 जुलाई रविवार से शुभारंभ होगा। उल्लेखनीय है आध्यात्मिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण रुचि रखने वाले श्री रतन लालजी (भगत जी) के सानिध्य में सर्व भक्तों के सहयोग से ग्राम भेरू खेड़ा में अवस्थित शिव मंदिर में 15 वर्ष पूर्व श्री रामचरितमानस पाठ के अखंड पारायण का शुभारंभ हुआ था जो आज भी प्रतिवर्ष अनवरत अखंड पाठ का पारायण हो रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामचरितमानस पाठ का अखंड पारायण आज 28 जुलाई रविवार को प्रातः शुरू होगा।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कल प्रातः कल देवी देवताओं के आव्हान पूजन के बाद 11 बजे से श्री रामचरितमानस पाठ के अखंड पारायण का शुभारंभ होगा। दूसरे दिन 29 जुलाई सोमवार को शाम को विराजित देवी देवताओं को विदाई देने व आरती स्तुति के साथ ही 7 बजे रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति होगी। इस कार्यक्रम में पूज्य गुरुदेव श्री श्री श्रीधरजी महाराज के उत्तराधि कारी श्री करमचंद जी भारती विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पाठ की पूर्णाहुति के बाद प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रात्रि 9 बजे सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

## वृक्षारोपण किया

**अजमेर,** (कासं)। मां भगवती फाउंडेशन द्वारा शनिवार को एक पेड़ माह के नाम कार्यक्रम के तहत विनायक नगर माकड़वाली रोड पचशील नगर में मुख्य अतिथि रमेश चेलानी वार्ड पार्षद 75 के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया।

वार्ड पार्षद रमेश चेलानी ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 10 से 12 फीट ऊंचे गुलमोहर, अशोक, बेलपत्र, पाम सितारा के वृक्ष लगाए गए व साथ ही वृक्षारोपण की देखभाल हेतु सभी को संकल्प दिलाया। मां के बारे में सोचने मात्र से ही मन प्रफुल्लित हो उठता है और बचपन लौट आता है।

अध्यक्ष महेन्द्र कुमार जोशी ने बताया कि कार्यलय के आस पास 11 पेड़ लगाए गए। मुख्य संस्थापक भगवती देवी ने बताया कि इसके बाद और पौधे लगाए जाने का संकल्प किया। संस्था सदस्य राम मंगानी ने बताया कि जितेन्द्र चौधरी, जगदीश शर्मा, ललिता जोशी, मुकेश मोर्य, चन्द्र प्रकाश खन्नी, कविता चौहान, मनीष शर्मा, लक्ष्मी कांत शर्मा, गौरव जोशी, दीपेश भटनागर, गुजरात से चिराग ,दिव्या जोशी, इत्यादि ने मां के नाम एक एक पेड़ लगाया।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन

**बिजयनगर,** (निसं)। किरण रतन लाल नाहर चैरिटेबल ट्रस्ट बिजयनगर द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजयनगर में 7 राजकीय विद्यालयों के 17 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इसमें कक्षा 10 के 7 तथा कक्षा 12 के 10 विद्यार्थी रहे। सभी मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र, लेपटॉप बेग, वाटर बॉटल, रजिस्टर व पेन तथा स्टीलबर्ड का हेलमेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम कें मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणासी के सेवानिवृत प्रोफेसर, डॉ. सूर्य प्रकाश व्यास व डॉ. मीना व्यास रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कोगटा फाउण्डेशन के बाल मुकन्द कोगटा का गरिमामय सान्निध्य प्राप्त हुआ। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को अभी से अपना लक्ष्य तयकर उसे. प्राप्त करने के लिए जुट जाने का आव्हान किया गया। समय की कीमत बताते हुए उसे व्यर्थ में खराब न करने की भी सलाह दी गई।

कार्यक्रम में ट्रस्ट की अध्यक्षा किरण नाहर ने कहा कि विद्यालय सहित सभी छात्र-छात्राओं को अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति में जुट जाना चाहिऐं तथा मोबाईल के अत्यधिक उपयोग से दूर रहने का भी आव्हान किया एवं संस्था प्रधान डॉ. कुंजलता सारस्वत ने बच्चो को प्रेरणादायक उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रतनलाल नाहर , ज्ञानचन्द नाहर, पुखराज नाहर, आशीष नाहर, कल्पना नाहर, सुनीता नाहर, स्वाति नाहर सहित अन्य ट्रस्टी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर के लक्ष्मण लाल शर्मा, ओम नागोरी, डी.सी. जैन, सी.ए. प्रीतेश बडौला, एस.एस. चौधरी, सत्यनारायण जोशी व साहब शरण जे. आचार्य तथा सम्बन्धित विद्यालयों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के संस्था प्रधान ने ट्रस्ट एवं आगुन्तक महानुभवों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पशु टीकाकरण शिविर आयोजित

**मसूदा,** (निसं)। शनिवार को दिशा आरसीडी समाजसेवी संस्था अजमेर द्वारा संचालित मसूदा ब्लॉक में उन्नति परियोजना अंतर्गत व पशुपालन विभाग खंड मसूदा के संयुक्त तत्वाधान में मसूदा उपखंड के राजस्व ग्राम श्यामगढ़,रामपुरा व केसरपुरा में एक दिवसीय पशु टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 276पशुपालकों के 639 बकरिया व भेड़ के ई.टी. (एंटोरोटोनिया टॉक्सीनिया) के टीके लगाऐ गए ! शिविर में उपस्थित पशुपालको को उन्नति परियोजना के एरिया मैनेजर राजेंद्र सिंह चौहान ने पशुपालकों को बारिश के दिनों में बकरियां में होने वाली मुख्य बीमारिया व उनके बचाव के उपाय पर जानकारी दी तथा बकरी पालन कर पशुपालक किस प्रकार अपनी आमदनी को बढ़ा सके इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी साथ ही स्वनिर्माण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ अश्वनी कुमार ने बताया कि हम बकरी के दूध को न केवल चाय बनाने के काम में ले सकते हैं बल्कि इसके दुध से हम साबुन भी बना बना सकते हैं जो कि हमारी त्वचा के लिए बहुत ही लाभदायक होती है तथा पशुपालन के संबंध में जानकारी दी इस शिविर में थ्ईं टीना गहलोत ,चंद्र प्रकाश व कालूराम एवं उन्नति परियोजना स्टॉफ सरकार सिंह, चेतन कुमार व भाग्यश्री तथा स्थानीय पशु सखी रेखा प्रजापत , संतोष जी,फिरोज जी का सहयोग रहा।

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एक दिवसीय अजमेर दौरे पर रहे

## 'कांग्रेस ने गरीबों का नारा दिया लेकिन गरीबी हटाई नहीं'

■ चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत कर केंद्र एवं राज्य बजट के की विस्तृत जानकारी दी

**अजमेर,** (कासं)। केंद्रीय क